**राज्यपाल सचिवालय**
**राज भवन, जयपुर**

## राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मिश्र ने जारी किए आदेश

## के.एल. श्रीवास्तव जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति पद पर नियुक्त

जयपुर, 14 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आज एक आदेश जारी कर श्री के.एल. श्रीवास्तव को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति पद पर नियुक्त किया है।

राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्ति जारी की गयी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने श्री श्रीवास्तव को यह नियुक्ति कुलपति कार्यभार ग्रहण करने से तीन वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, जो भी पहले हो, के लिए प्रदान की है।

———

## राज्यपाल ने जारी किए आदेश

## श्री संजय कुमार श्रोत्रिय राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यक्ष नियुक्त

जयपुर, 14 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आज एक आदेश जारी कर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री संजय कुमार श्रोत्रिय को राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

———